प्रिय स्कूल समुदाय,

The Hospital for Sick Children आपके स्कूल के साथ उन स्टाफ के लोगों, छात्रों और परिवार के सदस्यों, या वे लोग जिन्हें Toronto Public Health (TPH) ने COVID-19 की जांच करवाने के लिए कहा है, उन्हें COVID-19 सलाइवा (लार) द्वारा जांच की किट्स प्रदान करने के लिए काम कर रहा है। सलाइवा जांच दर्द रहित और आसान है और जांच करवाने से आपके स्कूल में COVID-19 मामलों को कम करने और स्कूलों को खुला रखने में मदद मिलेगी।

सलाइवा टेस्ट किट कहाँ से लें?

- सलाइवा टेस्ट किट आपके स्कूल में किट लेने के लिए नियत स्थान से ली जा सकती हैं।

सलाइवा टेस्ट किट का प्रयोग कब करें?

- आप टेस्ट किट का प्रयोग तब करें जब आप में COVID-19 के एक से ज़्यादा लक्षण हों (बुखार या ठंड लगना; खांसी या बार्किंग खांसी; सांस फूलना, स्वाद या महक में कमी होना या खत्म होना; मतली/उल्टी और/या दस्त) या
- आपको सार्वजनिक स्वास्थ्य द्वारा कुछ नियत तारीखों पर जांच कराने के लिए कहा गया है

सलाइवा टेस्ट किट में क्या-क्या है?

1. सलाइव इकट्ठा करने के लिए पात्र (नीला द्रव्य वायरस को निष्क्रिय कर देता है)
2. लेबोरेटरी (प्रयोगशाला) का फ़ॉर्म (अपने नतीजे पाने के लिए भरा जाना चाहिए)
3. सलाइवा एकत्रित करने के निर्देश (लेबोरेटरी फ़ॉर्म कर पीछे)
4. अपने नतीजे पता करने के लिए निर्देश
5. आपके सलाइवा पात्र के लिए खाली लेबल (आपके स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार अपने पूरे कानूनी नाम और जन्म तिथि के साथ लेबल नमूने के पात्र पर चिपका दें)

सलाइवा कैसे एकत्रित करें और किट को कहाँ जमा कर के आएं?

- जांच के 30 मिनट पहले से आपको खाना, पीना, धूम्रपान, गम चबाना, दांत ब्रश करना, वेपिंग नहीं करना है।
- नमूना एकत्रित करें, उस पर लेबल लगाएं, अनुरोध-पत्र भरें, उसे एक बायो-हेज़र्ड बाग में सील करें
- जिस व्यक्ति में कोई लक्षण नहीं है और बीमार नहीं है, वह स्कूल के समय के दौरान सोमवार से शुक्रवार तक स्कूल में जमा करने के नियत स्थान पर नमूना छोड़ कर आ सकता है
- हमारे सलाइवा निर्देश वीडियो का लिंक यह है: https://www.youtube.com/watch?app=desktop&v=Ru-vFZdImes&feature=youtu.be

मुझे जांच का नतीजा कब मिलेगा?

यदि आपकी जांच पोसीटिव निकलती है(+):

- आपको SickKids की ओर से 24-48 घंटों के भीतर एक फोन कॉल **आएगा** और कुछ दिनों के भीतर सार्वजनिक स्वास्थ्य से जानकारी और निर्देश मिलेंगे कि आपको आगे क्या करना है

यदि आपकी जांच नेगेटिव आती है(-):

- आपको फ़ोन कॉल **नहीं आएगा** और आपको नतीजे ऑनलाइन उपलब्ध होने का इंतजार करना पड़ेगा

यदि जांच संसाधित नहीं की जा सकी है

- अगर नमूने पर लेबल नहीं लगा है, पर्याप्त सलाइवा नहीं है, या अनुरोध-पत्र नहीं भरा गया है, तो हम आपको यह बताने के लिए कॉल करेंगे कि आपका नमूना संसाधित नहीं किया जा सकता है।

नतीजा प्राप्त करना

- अगर आपने Green Ontario Health Care Card का 10 अंकों का नंबर और दो अक्षर का वर्जन कोड दिया है:
    - आप अपने नतीजे COVID-19 की सरकारी वेबसाईट: https://covid-19.ontario.ca/ से प्राप्त कर सकते हैं

COVID-19 सरकारी वेबसाईट

- यदि आपके पास Ontario Health Care Card नहीं है, आपके पास लाल और सफेद कार्ड है, या आप प्रांत से बाहर के हैं:
    - आपको अपना ईमेल एड्रैस अनुरोध-पत्र पर लिखना होगा, जिसका उपयोग आपको https://covid-19.ontario.ca/ पर अपने नतीजे देखने के लिए एक कोड भेजने के लिए किया जाएगा।
    - यदि हम आपसे 4 कार्य दिवसों में कोई संपर्क नहीं करते हैं, तो कृपया mobile.outreach@sickkids.ca पर ईमेल करें।